# पूरी मानवता के लिए नशा एक अभिशाप है, व्यक्ति ही नहीं परिवार पर पड़ता है दुष्प्रभाव : राज्यपाल

शुभारंभ

**8 राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारी प्रजापिता के नशा मुक्त भारत अभियान का उत्तराखंड में शुभारंभ किया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिसका प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश के विकास पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। यह पूरी मानवता के लिए एक अभिशाप है।
शनिवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, देहरादून शाखा से ब्रह्माकुमारी प्रजापिता के ह्यह्यनशा मुक्त भारत अभियानह्लह्ल का उत्तराखंड में शुभारंभ किया।
राज्यपाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संगठन की ओर से समाज हित के लिए नशा मुक्ति का जो संकल्प लिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि व्यसन और नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, अपितु मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। इसलिए समाज को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए हम सभी के द्वारा मिलकर प्रयास किए जाने चाहिए।
राज्यपाल ने कहा कि कई युवा बुरे व्यसनों की लत का शिकार होकर अपना भविष्य तो बर्बाद कर ही रहे हैं। इसके साथ ही गुनाह की राह पर भी आगे बढ़ रहे हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के आदी लोगों को, खासकर युवाओं को सही राह दिखाकर उन्हें नया जीवन देने के लिए पूरा समाज इस दिशा में जिम्मेदारी से सामूहिक प्रयास करें।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी 2025 तक प्रदेश को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा है। इस तरह के संगठनों के सहयोग से इस कार्य में अवश्य सफलता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि नशे के नेटवर्क का खात्मा किया जाने के लिए भी सभी के सहयोग की जरूरत है ताकि इस बुराई को समाज से समूल नष्ट किया जा सके।
राज्यपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि ब्रह्माकुमारीज संगठन विश्व के 140 देशों में लोगों का सामाजिक और आध्यात्मिक सशक्तीकरण कर रहा है। ब्रह्माकुमारीज संगठन ने समाज में बदलाव लाने के लिए बहुत से कार्य किए हैं। चाहे वह नशा मुक्त अभियान हो या स्वच्छता अभियान या जल संरक्षण अभियान संगठन ने समाज में जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है।
राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि हम सभी मिलकर सामूहिकता की भावना से इस मिशन की सफलता के लिए कार्य करें, तो निश्चित रूप से हम एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में सफल होंगे।

# 18 को होगी यूपीएससी की इंजीनियरिंग सेवा प्रारंभिक परीक्षा, मोबाइल की अनुमति नहीं

परीक्षा

**8 - प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न दो से पांच बजे के मध्य संपन्न होगी।**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों पर 18 फरवरी को दो पालियों में संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली की इंजीनियरिंग सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न दो से पांच बजे के मध्य संपन्न होगी। इसमें 1271 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।
परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा सकुशल परीक्षा कराने को लेकर सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशों के क्रम में परीक्षार्थियों को प्रातः 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करना होगा। इसके उपरांत परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन प्रतिबंधित-
परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन एवं किसी प्रकार के गैजेट प्रतिबंधित रहेंगे। किसी भी दशा में मोबाइल फोन परीक्षा केंद्र परिसर में लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी को मोबाइल फोन के साथ परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## कांग्रेस वार रूम की बैठक हुई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस भवन देहरादून में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के वार रूम के प्रशिक्षण प्रभारी एवं प्रमुख नवीन जोशी की देखरेख में एक बैठक आयोजित हुई। इसमें प्रशिक्षण प्रभारी ललित मेघवंशी ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की रणनीति और ढांचे पर जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कई मुद्दों पर जनता के हितों की अनदेखी की है, हमें उस पर कार्य करना है और जनता के मुद्दों को उठाना है। बैठक में वॉर रूम चेयरमैन नवीन जोशी ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रदेश में चुनावों को लेकर बूथ जोड़ों भारत जोड़ों मुहिम पर कार्य किया जा रहा है और भाजपा सरकार की विफलताओं को हम ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर तक लोगों से जुड़ने का काम कर रहे हैं।

# वार्षिक समारोह कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मानवी सिंह पुरस्कृत

खेल दिवस

**8 अकेशिया पब्लिक स्कूल नत्थनपुर ने अपना दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अकेशिया पब्लिक स्कूल नत्थनपुर ने अपना दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने कई तरह के खेलों में अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक मनमीत सिंह ढिल्लन ने किया।
कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा वन्दे मातरम् गीत की प्रस्तुति दी गयी। इस वार्षिक खेलकूद समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति भी दी। प्री प्राइमरी कक्षाओं ने ग्रीन इडिया, क्लीन इंडिया, ब्राइड एंड ग्रुम रेस, सीनियर सिटिजन रेस आदि कार्यक्रम किए। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र छात्राओं ने फेयरी रेस, जैली रेस, स्पून एवं लेमन रेस, चार्ली चैपलिन रेस, जलेबी रेस, हर्डल रेस आदि का आयोजन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गये।
कक्षा 6 से 11 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा टेबिल टेनिस सीनियर वर्ग में अनन रावत और पीहू नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर वर्ग में आदित्य घिल्डियाल व आरुषी नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बैडमिन्टन में सीनियर वर्ग में कक्षा 11वीं के छात्र श्रेय बिष्ट और कक्षा नवीं की छात्रा नवेदिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जूनियर वर्ग में कक्षा आठवीं के छात्र नैतिक शर्मा व अवन्तिका भण्डारी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। बास्केट बॉल, बालीबॉल में कलाम हाउस विजयी रहा। चेस में कक्षा 9वीं के छात्र अध्ययन भण्डारी व नवोदिता यादव और कक्षा आठवीं के छात्र केशव कुमार व दिया जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा योगा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में मानवी सिंह को पुरस्कृत किया गया।
कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा मारिया, उप प्रधानाचार्या ममता रावत, प्रबन्धक मनमीत सिंह ढिल्लन व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिनी पाकिस्तान बनने की राह पर तीर्थनगरी हरिद्वार : संजय गुप्ता

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थनगरी हरिद्वार भी अब मिनी पाकिस्तान बनती जा रही है। दूसरे प्रदेशों से आकर गैर हिन्दू बड़ी संख्या में हरिद्वार में आकर बस रहे हैं और प्रशासन इन सबसे बेखबर है। ऐसा साजिश के तहत किया जा रहा है। पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गुप्ता ने कहा कि नगर निगम प्रशासन पं. मदन मोहन मालवीय के अंग्रेज सरकार के साथ किए गए समझौते का खुला उल्लंघन हो रहा है। तीर्थनगरी की मयार्दा को तार-तार करने का कार्य किया जा रहा है। तीर्थनगरी जहां मद्य, मांस व गैर हिन्दू के निवास के लिए प्रतिबंधित है, वहां यह सब खुलेआम किया जा रहा है।
शनिवार को पत्रकारों से वार्ता में पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि हरिद्वार के भूपतवाला, लालजीवाला, कनखल, बजरीवाला, खडखड़ी, आदि कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां गैर हिन्दू अपनी पहचान छिपाकर निवास कर रहे हैं। इनमें रोहिंग्या, बंग्लादेशी मुसलमान भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल असम गुवाहाटी से तीन हजार मुस्लिम यहां आए और यहीं बस गए हैं। ऐसे में तीर्थनगरी के लिए कभी भी बड़ा हो सकता है।
इन लोगों के क्या मंसूबे हैं? प्रशासन को इसकी जांच करनी चाहिए। कई बांग्लादेशी मुस्लिम ऐसे हैं, जिनके वोटर कार्ड व राशन कार्ड तक बने हुए हैं। वोट बैंक के लिए ऐसे लोगों के पहचान पत्र बनवाकर कुछ राजनैतिक दलों ने देश व समाज के साथ धोखा देने व तीर्थनगरी की मयार्दा से खिलवाड़ किया है। पूर्व विधायक ने कहाकि प्रशासन को ऐसे लोगों को शीघ्र चिन्हित कर कार्यवाही करनी चाहिए। तीर्थनगरी में रह रहे गैर हिन्दुओं को बाहर किया जाना चाहिए।

### शब्दों पर आयोजित संगोष्ठी में पढ़े 30 शोध-पत्र

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 30 शोध-पत्र पढ़े गये। देश के विभिन्न राज्यों के उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्वानों व शोधकताओं ने भाषा में शब्दों के महत्त्व और उनके परिवर्तन के तरीकों का विश्लेषण किया।
शनिवार को श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। इस मौके पर 'लोक व्यवहार एवं संस्कृत शास्त्रों के अधिगम में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली की उपयोगिता' विषय की संगोष्ठी में दस विशिष्ट व्याख्यान हुए। प्रो.बनमाली बिश्वाल, प्रो.विजयपाल शास्त्री,प्रो.गिरीश नाथ झा,प्रो.बृजेशकुमार पांडेय,प्रो.नरेंद्रप्रताप सिंह,प्रो.राखी उपाध्याय आदि ने विशिष्ट व्याख्यानों में शब्द यात्रा की गहन समीक्षा की। जबकि डॉ.वीरेंद्रसिंह बर्त्वाल, डॉ.अरविंदसिंह गौर, डॉ.अनिल कुमार, डॉ.आशुतोष तिवारी, डॉ.संदीप भट्ट, डॉ.ज्योति शर्मा आदि ने शोध-पत्र प्रस्तुत किये। समापन की मुख्य अतिथि प्रो. राखी उपाध्याय ने बताया कि, एक भाषा के शब्दों को दूसरी भाषा प्रभावित करती है।
शब्द हमेशा संदर्भ के आधार पर अर्थ देते हैं। सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वृत्त अधिष्ठाता व देवप्रयाग परिसर के पूर्व निदेशक प्रो.बनमाली बिश्वाल ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र में शब्दों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक डॉ.सच्चिदानंद स्नेही ने संगोष्ठी के दो दिन का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रो.चंद्रकला आर.कोंडी , डॉ.सूर्यमणि भंडारी,जनार्दन सुवेदी आदि इस मौके पर उपस्थित थे।

### फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील वीडियो अपलोड करने का आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील वीडियो अपलोड करने का एक महिला ने अपने रिश्तेदार पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सिविल लाइंस कोतवाली रुड़की क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर परिचितों को अपनी फ्रेंड लिस्ट में शामिल कर लिया। कुछ दिन बाद अश्लील वीडियो और फोटो अपलोड करने शुरू कर दिए। एक रिश्तेदार ने उसे फर्जी फेसबुक आईडी बनाने की जानकारी दी। उसने फर्जी फेसबुक आईडी पर मैसेंजर में आईडी बंद करने की बात कही।
आरोप है कि इस पर आरोपित ने गाली-गलौज की और वह लगातार फेसबुक आईडी पर अश्लील वीडियो डाल रहा है।
आरोप लगाया कि एक रिश्तेदार ने उसकी फर्जी आईडी बनाई है और वह उसे बदनाम करने का काम कर रहा है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### चोर दिन दहाड़े घर के बाहर खड़ी स्कूटी ले उड़ा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वाहन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि दिन दहाड़े घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर एक चोर ने हाथ साफ कर दिया पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला जगजीतपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली देव विहार कॉलोनी का है, जहां से आज पूर्वाह्न काले रंग की स्कूटी लेकर एक युवक फरार हो गया है।

# डीयूएआई औ गुरुकुल विश्वविद्यालय के बीच हुआ करार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय का डीयूएआई (द्रोणाचार्य अनमैंड एविएशन इनोवेशन) कंपनी के साथ एमओयू करार हुआ, जिसमें डीयूएआई कंपनी के अध्यक्ष आलोक तोमर ने बताया कि कंपनी द्वारा छात्रों को ड्रोन तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे छात्रों को भविष्य में रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे एवं कंपनी द्वारा जल्द ही संकाय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा।
इंजीनियरिंग संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर विपुल शर्मा ने बताया कि ड्रोन टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग के छात्रों को आधुनिक तकनीक का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मयंक अग्रवाल ने बताया कि एआई के समन्वय से ड्रोन तकनीक का उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कंपनी एवं विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक के विभिन्न आयामों को छात्रों को समझाने के लिए कंपनी द्वारा सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु एवं कुलसचिव प्रोफेसर सुनील कुमार ने संकाय को अभिनव प्रयासों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी वाईपी सिंह एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशीष आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण

**8 आलोक तोमर ने बताया कि कंपनी द्वारा छात्रों को ड्रोन तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा**

## दो बाइक सवार चार युवकों ने युवक पर किया तमंचे से फायर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दो बाइक सवार चार युवकों ने एक युवक पर हमला कर दिया। युवकों से अपनी जान बचाकर जब युवक भागने लगा तो एक युवक ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवक सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा है।
मुताबिक थिथकी कवायदपुर, मंगलौर कोतवाली क्षेत्र निवासी परवेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा शौर्य सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। वह हर शाम गांव के बाहर स्थित नहर पटरी पर दौड़ लगाने जाता है।

# उत्तराखंड मौसम का बदला मिजाज, बारिश के साथ बर्फबारी के आसार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर मौसम बदल गया है। मौसम विभाग ने 18 फरवरी की शाम से सात जिलों में बारिश के आसार बताए हैं। 19-20 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश होने की संभावना है जबकि, हर्षिल-औली समेत 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी भी हो सकती है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक शनिवार को मौसम शुष्क रहेगा। जबकि, रविवार को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में बारिश और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। साथ ही 19 और 20 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश के आसार हैं। इन दो दिन उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के कुछ इलाकों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। साथ ही 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी।

# मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरण और मंत्री अजपाल बने

अधिवेशन

**8 उत्तरांचल फेडरेशन सर्विसेज एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन विकास भवन सभागार में हुआ।**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन विकास भवन सभागार में हुआ। अधिवेशन में नवीन कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी अजयपाल पंवार के देख-रेख में सर्वसम्मति से किया गया। जिला अध्यक्ष पद पर पूरण सिंह राणा और जिला मंत्री पद पर अजयपाल सिंह नेगी निर्विरोध निर्वाचित किये गये।
इस मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों में राकेश भट्ट, राजीव नेगी, चंद्रेश्वर नारायण थपलियाल, शूरवीर सिंह सिंह रावत, उत्तम सिंह नेगी, भगत सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रदीप सजवाण, सुमन नकोटी, रचना कालिया, सीमा रावत, सीमा भटनागर, स्वाति, नरेंद्र, रचना अग्रवाल, किशोरी लाल आदि मौजूद रहे।

# मंत्री डा. प्रेमचंद ने निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों को छाता, कंबल किए वितरित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा के 50 पंजीकृत निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों को छाता, कंबल जबकि, महिला श्रमिकों को सेनेट्री पैड वितरित किए। इस दौरान पंजीकृत श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसमें केएफटी, एलएफटी, सुगर, ब्लड प्रेशर, कैल्शियम, विटामिन, लीवर जैसी 25 बीमारियों की निशुल्क जांच की गई।
शनिवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में सामग्री वितरित कर डा. अग्रवाल ने कहा कि राज्य की धामी सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ



श्रमिकों को उठाना चाहिए। इसके लिए डा. अग्रवाल ने श्रम विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया।
डा. अग्रवाल ने बताया कि श्रमिकों के लिए श्रम विभाग के उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में बहुत प्रावधान धामी सरकार द्वारा किए गए हैं। बताया कि विवाह सहायता योजना, जिसमें पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की आश्रित दो पुत्रियों के विवाह के दौरान व महिला कर्मकारों को स्वयं के विवाह के दौरान 51000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है।
डा. अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक कन्या विवाह सहायता योजना के तहत सरकार द्वारा विवाह के एक सप्ताह पूर्व वर और वधू की पोशाक के लिए 5000 जबकि सामूहिक विवाह के दौरान 51000 रुपये डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।
डा. अग्रवाल ने बताया कि प्रसूति सहायता योजना के तहत महिला कामगारों व श्रमिकों की पत्नियों को प्रसूति सुविधा के रूप में 6000 रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कार्य के दौरान पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु होने के संबंध में 04 लाख रुपये जबकि सामान्य मृत्यु होने की दशा में मृतक कर्मकार के आश्रितों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की जाती है। बताया कि मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार के लिए 10000 रुपये की भी सहायता दी जाती है।
डा. अग्रवाल ने बताया कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा में आर्थिक सहायता के लिए भी प्रावधान है। जिसमें कक्षा एक से 05 तक 1800 रुपये वार्षिक, कक्षा छह से 10 तक 2400 रुपये वार्षिक, कक्षा 11 से 12 तक 3000 रुपये वार्षिक तथा स्नातक या इससे अधिक पर 10000 रुपये वार्षिक सहायता दी जाती है।
डा. अग्रवाल ने बताया कि सरकार श्रमिकों के लिए अन्य योजनाएं भी जैसे वृद्धा पेंशन सहायता, निशक्ता सहायता योजना, कुटुंब पेंशन सहायता, गृह निर्माण ऋण योजना, शौचालय योजना, चिकित्सा सहायता योजना आदि संचालित कर रही है।
डा. अग्रवाल ने मौके पर मौजूद श्रम विभाग के अधिकारियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रमिकों को जानकारी देने के निर्देश दिए।

## मोरी के पंचगाई पट्टी के पूर्ति गांव में आग से तीन आवास जलकर राख

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
मोरी विकास खंड के पंचगाई पट्टी अंतर्गत पूर्ति गांव में तड़के आवासीय भवन में आग लगने से तीन मकान जल गए। घटना शनिवार सुबह साढ़े चार बजे की है इधर जिला परिचालन केंद्र ने बताया कि ग्राम प्रधान शेरघा द्वार ने दूरभाष पर सूचना दी कि आज 4.45 पूर्वाह्न को पूर्ति गांव में आग से प्यार सिंह पुत्र सैदर सिंह व सुनील सिंह पुत्र सैदर सिंह कुंजी के आवासीय भवनों में आग लग गई, जिससे तीन भवन जलकर राख हो गया है।

**Name change**
I, Deepak Dwivedi S/o Ram Pyare Dwivedi R/o B- 409, Dwarika Greens, Opp. Civil Hospital, Roorkee, Haridwar, Uttarakhand- 247667, have changed my minor daughter’s name from Kalash aged 12 years to Dishita Dwivedi forever

# सभी चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित की जाएं: निर्वाचन अधिकारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को बैठक लेते हुए हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने और हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का पुनरीक्षण कर सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं।



सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने निर्वाचन के दौरान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में पुलिस मुख्यालय, आबकारी विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां समय से कर ली जाएं। जनपद वार पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती और केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती के संबंध में विस्तृत होमवर्क कर लिया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंटर स्टेट मॉनिटरिंग और इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग का भी फुल प्रूफ प्लान तैयार कर प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश देते हुए हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा और सर्विलांस की व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त पुलिस और आबकारी विभाग के सर्विलांस और चेक पोस्ट अलग-अलग स्थानों पर स्थापित करने के निर्देश दिये हैं।

हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर की सूची तैयार करें-

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने में समस्त जनपदों से जारी हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का पुनरीक्षण कर उनका सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग को विभिन्न जनपदों में हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने पुलिस विभाग से ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रीय पुलिस बलों के कैंप के लिए प्रस्तावित स्थलों पर मूलभूत व्यवस्थाओं के पहले से स्थलीय निरीक्षण कर समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रोफेसर उत्पल कुमार डे ने की दून पुलिस की सराहना

**आभार**

**8 पुलिस की त्वरित कार्रवाई की उत्पल कुमार ने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मेघालय की राजधानी शिलांग के प्रोफेसर के फोन खोने के बाद उसे खोजकर दिलाने में देहरादून पुलिस की भूमिका के लिए प्रोफेसर ने सराहना की है। पुलिस मीडिया सेल ने बताया कि उत्पल कुमार डे, जो कि नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर है ने देहरादून पुलिस की सहायता के लिए उसका आभार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली से देहरादून आते समय मुरादाबाद के आसपास उनका मोबाइल फोन ट्रेन में कहीं खो गया है, जिसे उनके द्वारा ढूंढने का काफी प्रयास किया गया, पर वो उन्हें नहीं मिल पाया है। देहरादून पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त फोन की लोकेशन ट्रेस की गई तो फोन का अमृतसर पंजाब ज्ञात हुआ। चौकी प्रभारी कुल्हाल ने अपने व्यक्तिगत संपर्क सूत्रों के माध्यम से उक्त फोन को ट्रेस करते हुए पांवटा साहिब, हिमाचल प्रदेश में पाया। उत्पल कुमार के साथ वह स्वयं पांवटा जाकर उक्त मोबाइल फोन को बरामद कर उन्हें सुपुर्द किया। दून पुलिस की मददगार कार्यशैली व त्वरित कार्रवाई की उत्पल कुमार ने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चलाए विशेष जागरूकता अभियान: डीईओ

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को स्वीप कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने ऐसे बूथों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि पिछले लोकसभा निर्वाचन आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाए। विगत निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर विशेष फोकस करते हुए कम मतदान प्रतिशत के कारणों और समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाए। साथ ही ऐसे बूथ जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है, लेकिन राज्य और राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से कम है, उन बूथों पर भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। जो लोग बाहर रहते है, उनको मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को वोट देने के लिए आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता बनने और वोट देने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बूथ लेवल पर बनाए गए जागरूकता ग्रुपों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पिछले लोकसभा निर्वाचन में जनपद चमोली के 109 बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। जिसमें बदरीनाथ विधानसभा में 31, थराली में 41 और कर्णप्रयाग में 37 बूथ शामिल है। मतदाता सूची में 2939 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत है। जिले में सौ वर्ष से अधिक उम्र के 21 मतदाता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिनव शाह, स्वीप के जिला समन्वय कुलदीप गैरोला सहित तहसीलों से सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं स्वीप टीम के सभी सदस्य वर्चुअल माध्यम से मौजूद थे।

### दून से दिल्ली रूट पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन अब बुधवार को भी होगी संचालित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वंदे भारत ट्रेन का का संचालन अब बुधवार को भी होने से यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दूसरी तरफ लक्सर में कोरोना के बाद से बंद चल रही पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी जल्द शुरू होगा।

देहरादून से दिल्ली रूट पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन अब बुधवार को भी संचालित होगी। राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने बताया कि व्यापारियों की मांग थी कि बुधवार को ट्रेन बंद रहने से व्यापार के लिए आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

इस पर उन्होंने प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने इस मांग को भी मंजूरी दे दी है। बता दें कि इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में एक दिन बंद रहता है। ऐसे में अब बुधवार की जगह अन्य किसी दिन ट्रेन का संचालन बंद किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, लक्सर में कोरोना के बाद से बंद चल रही पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी जल्द शुरू होगा।

### वृत्तचित्र अंगवाल का प्रदर्शन रविवार को

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊंनी काव्य यात्रा पर बनी,लंदन में रह रहे फिल्मकार ललित मोहन जोशी की आत्मकथात्मक कुमाऊनी फिल्म अंगवाल की स्क्रीनिंग में रविवार 18 फरवरी को देहरादून में दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र के सभागार में सायं 4:00 बजे की जा रही है।

अंगवाल कुमाऊंनी कविता के उद्भव, विकास और उसमें अंतर्निहित दर्द की दास्तान है। वर्ष 2019 में उत्तराखंड की मनोरम पहाड़ियों में फिल्मायी गयी अंगवाल पहाड़ से होने वाले पलायन और वनोन्मूलन की भी काव्यात्मक दास्तान है। अंगवाल गुमानी से होती हुई, गौर्दा, श्यामाचरण दत्त पंत, रामदत्त पंत, चारु चंद्र पांडे, त्रिभुवन गिरी, देव सिंह पोखरिया और दिवा भट्ट तक जाती है।

अंगवाल के जीवंत किरदार, हिमालय की अलौकिकता, बुरांश और काफल जैसे फल-फूल, अल्मोड़ा सरीखे बौद्धिक शहर, नौकुचियताल और भीमताल की शांत लहरें और कुमाऊं के शहरों और पहाड़ियों को जोड़ने वाली खूबसूरत घुमावदार सड़कें हैं। अंगवाल का छायांकन पूना फिल्म संस्थान से प्रशिक्षित रंगोली अग्रवाल ने किया है।

## नई दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अहम बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों पर चर्चा को लेकर दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक जारी है। नई दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जारी है। लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तराखंड कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों पर चर्चा की जा रही है। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगत चरण दास और सदस्य यशोमती ठाकुर ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से इस संबंध में विस्तार से चर्चा की।

# आयकर का खाते फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**पुतला फूंका**

**8 कांग्रेस कार्यकताओं ने इनकम टैक्स ऑफिस पर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार का पुतला फूंका**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आयकर विभाग का कांग्रेस के खाते फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने इनकम टैक्स ऑफिस पर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी सम्मिलित हुए।

कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में इनकम टैक्स ऑफिस की तरफ बढ़े। पुलिस मुख्यालय के समीप रोके जाने पर कार्यकताओं ने वहीं पर केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूंका और नारेबाजी की। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी अपर जिलाधिकारी को दिया गया।

रावत ने कहा कि ठीक चुनाव से पहले इस तरह की हरकत दिखती है कि भाजपा देश के संसदीय लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कुछ जांच भी जरूरी थी तो कम से कम चुनाव तक तो रुकना चाहिए था। अब जब पार्टी अपने खातों का संचालन वैधपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों हेतु नहीं कर पाएगी तो लोकसभा चुनावों में कैसे भागीदारी कर पायेगी। भाजपा देश को पूरी तरह से तानाशाही व्यवस्था की तरफ ले जा रही है।

महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने भाजपा के इशारे पर यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। पार्टी के द्वारा जारी चेक क्लियर नहीं किये जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा ने खुद तो असंवैधानिक करार दिए गए इलेक्टोरल बांड से बेतहाशा धन अपने खातों में जमा किया और कांग्रेस ने लोगों के बीच क्राउड फंडिंग से जो योगदान लिया उस अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। जनता सब चीजों को महसूस कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता ऐसी हरकतों पर चुप नहीं बैठेंगें।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव महिंद्र नेगी गुरू,गरिमा दौसोनी, अभिनव थापर , सूरज क्षेत्री ,अभिषेक तिवारी ,राजेश पुंडीर ,वकील अहमद ,शहजाद अंसारी ,ललित बद्री ,मोहम्मद फारूक ,अर्जुन पासी ,मोहन सिंह थपली,आदर्श सूद,गगन छछर,भूपेंद्र नेगी ,उदय सिंह रावत आदि शामिल थे।

# अवरुद्ध मार्ग खोलने का काम जारी

**कार्रवाई**

**8 चकराता मसूरी मार्ग में मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। जेसीबी से मार्ग खुलवाने की तैयारी की गयी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
चकराता मसूरी मार्ग में मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। जेसीबी से मार्ग खुलवाने की तैयारी की गयी।

आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय रातजमार्ग त्यूनी से लौखण्डी, चकराता, मसूरी, धनौल्टी व नई टिहरी मोटर मार्ग में भारी मलबा व स्लिप आने के कारण 139 किलोमीटर (कैम्पटी) में अवरूद्ध हो गया है। मार्ग को खोलने हेतु एक जेसीबी कार्यरत है मार्ग खोलने की कार्रवाई गतिमान है।

## मोटर साइकिलों पर हाथ साफ करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
**लोगों की मेहनत की कमाई पर** डाका डालने वाले दो शातिर चोरों को भगवानपुर पुलिस ने धर दबोचा। दोनों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक भी बरामद की। मुकदमा दर्ज करने के बाद दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक बीते रोज ग्राम बहादुरपुर जट निवासी अमित कुमार पुत्र बिजेन्दर कुमार ने अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस नंबर (यूके08 एटी 3439) के चोरी होने की ई एफआईआर दर्ज कराई थी। दूसरी ओर ग्राम बुडाखेरा पुंडीर थाना फतेहपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र राम सिंह ने भी अपनी बाइक मोटर साइकिल संख्या (यूपी 11 एई2281) के ग्राम मंडावर से चोरी कर लिए जाने की सूचना पुलिस को दी

# वन्य जीव तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, दो गुलदार की खालों के साथ तस्कर गिरफ्तार



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी में पुलिस, एसओजी और गोविंद वन्य जीव बिहार की संयुक्त टीम ने एक वन्य जीव तस्कर को दो गुलदार की खालें के साथ गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी ऑपरेशन प्रशान्त कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात्रि में पुलिस, एसओजी प्रभारी प्रकाश राणा, थानाध्यक्ष पुरोला श मोहन कठैत एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली (डब्ल्यूसीसीबी) की एक संयुक्त टीम गठित की गयी। टीम ने शुक्रवार की देर रात्रि को जाल बुनते हुए थाना पुरोला क्षेत्र से देहरादून-नौगांव राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरड़ाखड्डु के पास से 29 वर्षीय वरुण उर्फ लक्की पुत्र बलराम निवासी नाड़ा लाखामण्डल देहरादून, नामक तस्कर को लेपर्ड की खाल की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 02 खालें बरामद हुई हैं। पुलिस ने वन्य जीव की खाल की तस्दीक हेतु वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त वरुण के विरुद्ध थाना पुरोला पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9/51के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया,मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभियुक्त उक्त खालों को रिखनाड़ लाखामण्डल के जंगलों से लाकर तराई के एरिया में उच्च दामों पर बेचने के लिये ले जा रहा था, जिसको एसओजी व पुलिस की टीम ने देर रात्रि को दबोच लिया।

पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में आयोजित पत्रकार वार्ता में सीओ प्रशान्त कुमार ने बताया कि हमारी एसओजी की टीम पिछले कई दिनों से इसकी निगरानी कर रही थी, जिसमें कल रात को टीम को तस्कर वरुण (लक्की ) को पकड़ने में कामयाबी हाथ लगी है, गुलदार वन्य जीव की दुर्लभ होने वाली प्रजातियों में से एक है, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची 1 में इसे उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्राप्त वन्य जीव प्रजातियों में रखा गया है।

# भाजपा प्रदेश मुख्यालय कूच करते कांग्रेसी हिरासत में लिए गए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के बैंक अकांउट फ्रीज करने के विरोध में शनिवार को एनएसयूआई ने प्रदेश भाजपा कार्यालय को कूच किया। जिन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी के साथ ही एनएसयूआई कार्यकताओं को चोटें भी आयी हैं। बाद में डालनवाला कोतवाली लाकर छोड़ दिया गया। इस दौरान डालनवाला कोतवाली में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।



एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी के नेतृत्व में आज एनएसयूआई कार्यकताओं ने कांग्रेस के बैंक अकांउट फ्रीज करने के विरोध में भाजपा प्रदेश कार्यालय कूच किया। पुलिस ने बैरीकेडिंग कर फाउण्टेन चौक पर रोक दिया। इस पर एनएसयूआई कार्यकताओं ने वहीं पर सरकार का पुतला जलाने का प्रयास किया। इसको लेकर उनकी पुलिस बल के साथ झड़प भी हुई। इसमें जिलाध्यक्ष नेगी सहित अन्य कार्यकताओं को गंभीर चोटें आईं।

जिलाध्यक्ष नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के ठीक पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं भारतीय यूथ कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करना निंदनीय है। यह लोकतंत्र की हत्या करना जैसा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्णतः आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए डरी हुई है। हमारी मांग यही है की फ्रीज किए गए बैंक अकाउंट्स को जल्द से जल्द सुचारू रूप से पुनः संचालित किया जाए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी, पूर्व महानगर महासचिव हरजोत सिंह, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सक्षम यादव व प्रांजल ने गिरफ्तारी दी। इसके बाद उन्हें डालनवाला कोतवाली लाया गया। जहां पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, हीरा सिंह बिष्ट, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, अनिल नेगी, महिला कांग्रेस से नजमा खान, आशा मनोरमा डोबरियाल एवं निधि नेगी चोटिल युवाओं का हाल पूछने डालनवाला कोतवाली पहुंचे जहां एनएसयूआई युवाओं को औपचारिकताओं के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा रिहा कर दिया गया।

# हल्द्वानी हिंसा के बाद पटरी पर लौट रही जिंदगी, अब केवल नाइट कर्फ्यू रहेगा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी हिंसा मामले में डीएम ने नए आदेश जारी किए है। आदेश के अनुसार, अब केवल अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू रहेगा। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में अब दिन में कर्फ्यू नहीं रहेगा, केवल नाइट कर्फ्यू रहेगा। हल्द्वानी हिंसा के बाद अब कर्फ्यू में और छूट प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है, उसमें केवल अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू रहेगा। बाकी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कर्फ्यू लगा था, वहां दिन में कर्फ्यू नहीं रहेगा, केवल नाइट कर्फ्यू रहेगा।



आठ फरवरी को उपद्रव के बाद पूरे नगर में कर्फ्यू लगाया गया था, बाद में जैसे-जैसे हालात सामान्य होते गए, कर्फ्यू में छूट प्रदान की जाती रही। अब डीएम वंदना ने आदेश जारी किया है। उसमें थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गौजाजाली, रेलवे बाजार, एफसीआई गोदाम परिसर में सुबह छह से रात आठ बजे तक कर्फ्यू नहीं रहेगा। यहां रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू रहेगा। शेष थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में सुबह छह बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू से छूट दी गई है। संबंधित क्षेत्र में शाम पांच बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू रहेगा।

वहीं, अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर की परिधि में पूर्व की तरह कर्फ्यू रहेगा, यहां जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं के क्रय-विक्रय के लिए सीमित आवागमन कर सकेंगे। अनावश्यक आवागमन बंद रहेगा। कोई बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं आ सकेगा और न यहां से कोई बाहर जा सकेगा। इस क्षेत्रों में निवासरत विद्यार्थियों को बोर्ड की परीक्षा, विवि परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र दिखाए जाने पर परीक्षास्थल तक आवागमन की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालयों के कार्मिकों को परीक्षा केंद्र तक बोर्ड ड्यूटी, परीक्षा ड्यूटी के लिए आवागमन की अनुमति दी गई है।

100 से अधिक पास बनाए गए

सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। 10 फरवरी के बाद लोगों को इलाज समेत अन्य आवश्यक कार्य के लिए सवा सौ से अधिक पास को जारी किया गया था।

बता दें कि, बनभूलपूरा हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक पर शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा में फरार चल रहे अब्दुल मलिक सहित नौ आरोपियों के पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टर जारी कर दिए हैं। इसके अलावा मलिक के घर पर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को एडीजी प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र का जायजा लिया और मलिक के बगीचा में अतिक्रमण हटाए गए स्थल पर स्थापित चौकी का निरीक्षण किया।

# पुलिस ने साइबर अपराध के सम्बन्ध में चलाया 15 दिवसीय जागरूकता अभियान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आज कोतवाली रानीपुर पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीपुर ने केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर-4 बीएचईएल में जाकर लगभग 300 छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया।

इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार, डिप्टी प्रधानाचार्य श्रीमती तरुणा कौर व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रानीपुर पुलिस ने

**जानकारी**

**8 -विभिन्न स्कूलों के 600 छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के सम्बन्ध में दी जानकारी**

सलेमपुर इण्टर कालेज, आरजू पब्लिक जूनियर हाईस्कूल सलेमपुर में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक कर साइबर अपराध की रोकथाम के लिए निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। रानीपुर क्षेत्र में निवासरत बुजुर्ग, सीनियर सिटीजन, जनता के लोगों को भी साइबर ठगी के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए तत्काल साइबर अपराध की सूचना तत्काल 1930 नम्बर पर देने के लिए बताया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं, बुजुर्ग, सीनियर सिटीजन, जनता के लोगों को उत्तराखण्ड पुलिस एप के फायदे बताये गये तथा एप्प को डाउनलोड करने व उसमें निहित अन्य एप जैसे गौरा शक्ति एप, साइबर शिकायत, घरेलू नौकर, किरायेदार सत्यापन व घर बैठे ई-एफआईआर के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

